




राज
कॉमिक्स
सुपर विशेषांक
मूल्य 20.00 संख्या 1
फाइटर टोड्स


फाइटर टोड्स
कथानक-
सिन्हा एवं तरुण कुमार वाही
चित्रांकन- अनुपम सिन्हा
संपादन- मनीष गुप्ता
सुलेख एवं रंगसज्जा- सुनील पाण्डे
अरे। इस नागराज की बाँहों से तो सांप छूटते हैं। बचाओ!!
बचाओ!
कैप्चूर्र गया। कैप्चूर्र गया। कैप्चूर्र गया।
जाएगा कहाँ? ये धनुष-बाण क्या आम तोड़ने के लिए रख रखे हैं मैंने।
मास्टर्र, नागराज और ध्रुव को अब छठी का पहाड़ा याद करा देगा।
नागराज! यही हैं शर्मीले, प्यारे, भोले-भाले, मगर गजब के जाँबाज... फाइटर टोड्स।
ध्रुव! इन फाइटर टोड्स का रहस्य जानना है हमें, कि ये कौन हैं किस मकसद से, और कहाँ से प्रवेश कर गए हैं शहर में।



रात की ठंडी हवा में समुद्र की खारी महक घुली हुई है।
मौसम में नमी है।
इस वातावरण में पनपते हैं, कीड़े।
और कीड़ों ने भी बग भुजोरे-
स्मैक के सौदागर।
जिनके सिरों पर सफेदपोशों का वह हाथ है-
जिसके इशारे पर पुलिस भी कत्थक करती है।
तो फिर पुलिस से डरना कैसा?
और अगर कोई ज्यादा ही जोशीला पुलिसवाला गले पड़ गया-
-तो फिर उसकी लाश ही इस इलाके से बाहर आती है।
स्मैक
धांय
धांय
क्योंकि इस इलाके में राज करता है, अपराध।


और अपराधी-
संभल जा, काने।
स्टीमर आ रहा है।
अबे, भैंगे। कहाँ मर गया?
सिग्नल दे।
दिया हुँडे उस्ताद, दिया।
अबे क्या करता है?
स्टीमर उधर है। सिग्नल किधर दे रहा है?
ये भैंगे का भैंगा ही रहेगा। ला, टॉर्च मुझे दे।
काने के सिग्नल पर स्टीमर किनारे आ लगा-
एकदम चोखा माल है बॉस।
वाह वाह!!
बढ़िया बढ़िया!!
क्या खुशबू, क्या महक!
यही है असली स्मैक।
पर इसका स्वाद तो स्मैकिया ही बताएगा।
और उसके बाद ही माल ओ.के. होगा।
स्मैकिये को लाओ, बे।
हुँडा उस्ताद! ये शायद इसकी आखिरी


आखिरी खांस के साथ अंतिम सांस भी ली उसने -
ये तो हैं बोल गया।
इसका मतलब माल असली है। डिलिवरी ले लो, काने।
ली, हुंडा उस्ताद ली।
नशीले जहर के रूप में मौत शहर में प्रवेश करने ही वाली थी।
मगर उसे रोकने के लिए, एक भी कानून का रक्षक उपस्थित नहीं था वहां।
लेकिन जरा ठहरें।
S.MACK CORPORATION
धप धप धप ढलाक धपाक
समुद्र के खारे पानी को मथ रही है कुछ उथल-पुथल।
आंखों को फाड़ देने वाला दृश्य प्रस्तुत हो रहा था।
टर्र टर्र।
टर्र।
इन्हीं से पूछते हैं।
उस वक्त उछल पड़ा, प्रत्येक शख्स -
क... कौन हो तुम?



कटर,।
शूटर।
मास्टर।
कम्प्यूटर।
यानि हम हैं...
फाइटर टोड्स!!


मेढकों वाली पोशाकें। तलवार-ढाल, धनुष बाण, और डंडा।
टुंडा उस्ताद! ये किसी नाटक कंपनी के भगोड़े लगते हैं।
मेरा दिल मुझसे भी भगोड़ा बनकर यहां से भाग जाने को कह रहा है।
टुंडा उस्ताद! कहो तो इन्हें मार गिराऊं।
नहीं बे, भैंगे! तू ये चेष्टा मत करियो।
नहीं तो हमेशा की तरह तेरी चलाई गोली, इस बार भी बगल से निकल जाएगी।




उस्ताद की एक आंख खतरनाक तरीके से बंद होने लगी।
ये नौटंकी वाली गन नहीं है... प्यारे टोड्स।
तड़ तड़ तड़.
जाओ भाग जाओ, अच्छे बच्चे...
पुच्ची पुच्ची।
इससे निकलते हैं
मौत के शोले।
भड़क उठा कटर-
धाड़.
अरी मोरी मैया री ऽऽऽ।
टेढ़े हो गए जबड़े से, बिलबिलाया सा
पड़ा टेढ़ा उस्ताद।
भून दो सबको।
फायर। (आई)
भैंसा, काना, और अन्य बदमाशों की उंगलियां ट्रैगरों पर आ लगीं -
टेढ़ा उस्ताद का हुक्म है?
भून डालो इन चारों को।
...पर ट्रैगर दबने से पहले ही...
टोड्स एक्शन।



मजा आ गया।
मैं तो डर रहा था कि कहीं मेरे एक लड़ाई न मारी जाए।
हियाआ।।।ाहूँऊँऊँ
शूटर के बाण की सरसराहट ही सुन सका वह बदमाश।
आईयाTTT
मास्टर लहराया अपने उस फोल्डिंग पोल पर।
ताड़
कंप्यूटर अपने कैलकुलेशन में व्यस्त था।
एक, गुणा चार सौ बीस। दो में घटाया चार!
जीतने की संभावना, एक प्रतिशत। हारने की एक प्रतिशत ड्रॉ की अट्ठानवे प्रतिशत।
मास्टर की इस किक के बाद, तेरे अंदर का सारा कचरा सुबह आराम से बाहर निकल जाएगा।
तड़ाक
आईया। मेरी मुसीबत यह है कि...
... मुझे अपनी काली आंख की तरफ वाला सीन दिखाई नहीं पड़ता है।


टुंडा उस्ताद फायर करने में कामयाब हो गया।
मैं अभी तक तुमको नौटंकी के भगोड़े समझकर चुप था।
तड़तड़ तड़
पर मैं अब भी चुप रहूंगा।
बोलेंगी मेरी गोलियां।
मास्टर, ने बचाया कंप्यूटर को-
कंप्यूटर, अपने आप बचना सीख ले।
सांय
सांय
यह तो पहली लड़ाई है यार! धीरे-धीरे सीख लेगे
ऑटोमैटिक रायफलों की चीखें रात के सन्नाटे को चीरने लगीं।
फिर गोलियों की आवाजें!
रोज का धंधा है यार...
तड़ तड़ तड़ तड़
... ले, ये रूई कान में लगा ले...
मैं तो इसे हमेशा साथ रखता हूं।
पर रायफल ने जल्दी ही चीखना बंद कर दिया।
100% PURE SMACK
सभी बदमाश रेत सूंघ रहे थे।
अब बता, बेटा! बताता है या नहीं?
कटर! कानून को हाथ में मत लो।
क्यों बे, तेरा नाम 'कानून' है?
नहीं हुजू काना है।
तो अपनी थूथ बंद कर ले, मास्


अब चुपचाप क्यों खड़ा है?
मैं पूछता जा रहा हूं, पर तू बता ही नहीं रहा है।
तड़ाक
गोलियों की आवाजें आनी बंद हो गईं।
यानि टुंडा उस्ताद का काम पूरा हो गया।
चल आ, दौड़ ले फिर सीटी बजाता हुआ, लाशें उठाने के लिए।
रेडी, स्टेडी, गो।
पिर्रर्र पिर्रर्र
सीटी। पुलिस आ रही है।
पुलिस यानि कानून।
इनसे पुलिस निपट लेगी।
अब यहां से भाग लो।
कंप्यूटर कह रहा है तो...
भागो!
छपाक छपाक
रात के अंधेरे में लहराती समुद्री लहरें उन चारों रहस्यमय आकृतियों को निगल गईं।



और तभी- वहां आ पहुंचे चेहरे पर आश्चर्य लिए दो कांस्टेबल-
ये तो टुंडा उस्ताद और उसके आदमी हैं।
मगर इनकी ये हालत किसने की?
फाइटर टोड्स!
तुम्हें देख लूंगा।
फाइटर टोड्स...
तुझे इन चारों को पकड़ कर लाना ही होगा, हवलदार।
शांति से काम ले, टुंडे। हम-तू तो मौसेरे भाई हैं। तू हमें जरा डिटेल में बता।
और चक्कर चल गया-
हूं। तो तुम्हारे हिसाब से ये स्नेक, चार टोड्स, तस्करी करके लाए थे।
राजन मेहरा
आई. जी.
(पुलिस)
हां, सर जी। पर हम वहां पर मौके से पहुंच गए। बड़ी भयानक लड़ाई हुई जी। पर हमेशा की तरह जीत पुलिस की ही हुई।
रेत पर मेंढकों के पैर के निशान तो मैंने भी देखे थे, सर।
हूं। बात अजीब सी लगती है। इंस्पेक्टर शिकार सिंह?
आदमी की तरह के मेंढक। कभी सुने तो नहीं।
पर कुछ भी हो। हमें उनको गिरफ्तार तो करना ही होगा।
पूरे शहर में इत्तला करा दो।


फाइटर टोड्स की हर हरकत पर किसी की कड़ी नज़रें गड़ी हुई थीं।
पहला मौका ये चूक गए।
घबराओ मत। ये इनका पहला अनुभव था।
फाइटर टोड्स के सामने कोई नहीं टिक सकता।
यार कमाल हो गया। इतनी देर तक पूछते रहे, पर किसी ने कुछ नहीं बताया।
अरे!
क्या हो गया? कोई कीड़ा काट गया क्या?
वे लोग बताते कैसे? हम लोगों ने तो उनसे कुछ पूछा ही नहीं।
बस पीटते रहे।
हे टोड्स को बनाने वाले...
...इन मूर्खों की संगत में कटर को क्यों डाल दिया?
खैर! भूल चूक लेनी देनी। अब सोचो कि आगे क्या करना है?
सोचने का कांट्रेक्ट, कंप्यूटर के पास है।
अब मुझे याद आ रहा है... मैंने उन बक्सों पर 'राजनगर कैसीनो' लिखा देखा था।
यानि वह सारा माल कैसीनो जा रहा था।
और हमारी मंजिल भी 'राजनगर कैसीनो' ही है।
राजनगर कैसीनो-
जहां पर एक ही रात में कुछ किस्मतें बनती थीं।
मेरे पचास हजार तेरह नंबर पर।
एक लाख दो नंबर पर!
और कई किस्मतें बिगड़ती थीं।
मैंने अभी-अभी अपना कमीज पैंट, बाहर खड़े होकर सौ रुपये में बेचा है।
मेरे सौ रुपए ज़ीरो नम्बर पर।
अबे, रुक जा! हार गया तो अब चड्
बेचनी पड़ेगी।


पर आज सबकी किस्मतें बिगड़ने वाली थीं।
कैसीनो
क्योंकि कैसीनो में आज आने वाले थे।
सलाम, साहेबान!
सलाम।
फाइटर टोड्स।
पिछली गलती मत दोहराना, पहले पूछना, फिर मारना।
रुले, कटरें।
पहले पूछना, फिर मारना।
पहले पूछना, फिर मारना।
इसी से पूछा जाए, कम्प्यूटर!
इसको क्या कहते हैं?
इसको...स्त्री, कहते हैं, मास्टर!
क्यों स्त्रीजी! इस जगह का सबसे बड़ा गुंडा कौन है।
श्शऽऽ! धीरे बोलो! झूमर दादा ने सुन लिया तो तुम्हारी टें कर देगा।
'टें' क्या होता है, स्त्री जी?
वह रहा, झूमर दादा!


तभी कुछ देख कर उछल पड़ा कर्टर-
अरे! उस आदमी के अंदर आग लग गई है।
उसके नाक मुंह से धुआं निकल रहा है।
कर्टर, वह सिगरेट...
अबे! अबे! क्या करता है?
ओ तो कश लेने दे।
वह रहा पानी।
जल्दी करूं, वरना यह मर जाएगा।
चिल्ला मत! आग लगाते समय नहीं सोचा था कि दर्द होगा?
बचाओ! आज मैं पहली बार जीत रहा था।
इसीलिए यह मेरा अपहरण करने पर उतारू है।
कचाक!
अब चुपचाप...
...मेरी गर्दन पर यह छुरा किसका है?
क्यों बे, मच्छर! झूमर दादा के सामने बदतमीजी करता है।
जानता नहीं कि इस कैसीनो में बदतमीजी का लाइसेंस सिर्फ और सिर्फ झूमर दादा के पास है।
वन एंड ओनली वन, ग्रेट झूमर दादा।


टोड्स एक्शन।
और सबसे आगे वाले बदमाश को वहीं रुक जाना पड़ा।
अरे, मर गया, रे
टनाक
पलक झपकते ही टोड्स के हथियार, बाहर निकल आए।
अबे कान के पास क्यों चिल्लाता है?
झुककर, निकाल ले।
तेरा पैर ठीक ठाक है। बस, जूते में छेद हो गया है।
सच में?
झुकते ही कंप्यूटर ने तो कमाल दिखा दिया।
खटाक
मूर्ख कहीं का। दुश्मन के सामने तुरत झुक गया।
उस्तरू ; मास्टर के सामने वाला बदमाश कुछ खतरनाक था।
उस्तरू, उस्तरे का उस्ताद है। पहले नाई था। लोग सिर झुका कर बाल कटवाते थे।
अब सिर झुका कर गर्दन कटवाते हैं।
अब मुंह निकाल कर गर्दन आगे कर।
मेरा मुंह देखेगा?
अच्छा देख ले।
ई ई ई ई ई ई ई ई ई


तो ये भी समझ ले कि बदतमीज़ों की बदतमीज़ी झाड़ने का ठेका भी 'वन एंड ओनली वन' कर्टर के पास है।
अईया!
ओये, ये वेटर क्या ले आया?
मैंने तो सिर्फ दारू मांगी थी।
भागो।
धमाक
अब झूमर दादा इन चारों को काटेगा।
कैसीनो के गेट बंद कर दो।
अब ये गेट खुलेंगे केवल इन चारों की लाशें बाहर निकालने के लिए।
मैनेजर
मैनेजर, कूड़ा ढोने वाला ट्रक मंगवा ले।
और उनकी लाशों को लेकर जाएगा, कूड़े वाला ट्रक।
हैल्लो! म्यूनिस्पैलिटी... एक ट्रक कूड़ा... सॉरी-सॉरी मेरा मतलब एक कूड़े वाला ट्रक राजनगर कैसीनो में तुरंत भेज दो।
झूमर दादा के गुंडे तैयार खड़े थे।
काट दो!
काटो।


अबे! अबे! तूने तो फर्श गीला कर दिया। धत् तेरे की! छी छी।
तुझे तो मैं मारकर रहूंगा। वर्ना मुझे गंजों के बाल काटने का धंधा फिर से शुरू करना पड़ेगा।
म... मैं बड़ा भयंकर कातिल हूं! मैं तुझे... देखकर... डर... थोड़े ही रहा...
धोकर आ
खट टाक
आईया!
मान जा, भाई।
इज्जत
गर्दन कटवाले
मास्टरों ने दिखाया अपना रौद्र रूप-
मेरे नाप का उस्तरा तो बनवा ले, उस्तरू!
अगले ही पल एक किंगकोंग घूंसे ने उस्तरू को बेहोशी की
में पहुंचा दिया।
धाड़
मईया रे!
इसका बदन तो फूलता है।
यह तो किंग कांग के साइज का हो गया है।


कटर पहले ही ओवरकोट उतार चुका था।
बैटरी ऑन।
खट्
और तलवार काम करने के लिए रेडी।
'कटर' नाम के तूफान ने पूरे कैसीनो में तबाही मचा दी।
मास्टर-
और शूटर ने भी अपने-अपने मोर्चे संभाल रखे थे।
टन
टाण
टणाक
ठक
ठक
ठक
अरे, यह 'ट्यूब लाइट' देखकर घुमा।
मेरी पैंट की कमर और बेल्ट कट गई। और आज मैं अंडरवियर पहनना भी भूल गया हूं।




चड्ढी लाओ... मेरा सब्जी काटने वाला चाकू लाओ। झूमर दादा। अबे, कहाँ मर गया?
हीहीही हीही।
अपने आदमियों की ह
देखकर भड़क उठा
झूमर दादा -
मेरी इज्जत उतर गई और तू तमाशा देख रहा है।
माफ... माफ कर दो, झूमर दादा। मैं बेल्ट की जगह पायजामे का नाड़ा बांध कर फिर से जंग में आता हूं।
जो जहां है, वहीं रुक
जाए। वर्ना बिना तेल
भून कर...
रुक गए। नहीं रुकते तो, ऐसे दो-तीन खतरनाक डायलॉग और बोलता।
अब तुम मुझे अपनी असली सूरत मरने के पहले दिखाओगे...
या बाद में।
झूमर दादा, टोड्स के मास्क उतारने को आगे बढ़ा -
मगर एक बोतल पर पैर धर बैठा -
मर गया रे।
ये दारू तो किसी पिए भी गिरा देती है।


दिखते ही कटर की तलवार, झूमर दादा की गर्दन पर आ टिकी-
फाइटर टोड्स, झूमर!
कंप्यूटर, बता इसको कि हम यहां पर क्यों आए हैं?
तु... तुम लोग तो सचमुच के टोड्स हो?
हमें एक आदमी की तलाश है?
उसका नाम... एं.. ग्रीन मांबा है।
ग... ग्री... ग्रीन मांबा!!
तुम जानते तो होगे उस आदमी को। क्योंकि तुम्हारे जुआ खाने में कई अपराधी आते जाते रहते हैं।
न... नहीं जानता! मां कसम।
मां की कसम खाता है, बाप की क्यों नहीं खाता?
बाप मेरा जिंदा है अभी।
ये ऐसे नहीं बताएगा।
शूटर! इसे गुलगुली कर।
हिय। ही ही ही
गिली गिली।
तभी झूमर चीख उठा।
पुलिस!
पुलिस?
यानि कानून।
सभी टोड्स चौंक कर पलटे।


फाइटर टोइस के लिए अपनी खोज का काम अभी और भी मुश्किल होने वाला था।
'आपरेशन ब्लास्ट' की पूरी फिटिंग हो चुकी है, मेरे आका!
इस अड्डे के पास तो कोई बम फिट नहीं कर दिया न, चमचे?
मुझे तो चुटपुटिया के धमाकों से भी डर लगता है।
नहीं, मेरे आका।
ठीक है। फिर बताओ कौन सा बटन दबाना है?
लाल वाला, मेरे आका।
ठीक है। और सुन, चिराग के जिन्न की तरह आका-आका मत बका कर।
मॉडर्न भाषा में बोला कर। मेरे बॉस!
ठीक है, मेरे बॉस आका।
गुर्रर्र। मेरा आधा टाइम तो अपने आप को कंट्रोल करने में निकल जाता है कि मैं इन मूर्खों की गर्दन न मरोड़ दूं।
टाक
बटन दबा-
और कर्णभेदी धमाकों से गूंज उठा, राजापुर का हर महत्वपूर्ण स्थान-
भड़ाम
धड़ाम
इमारतें बदल गईं, मलबों में-
जिंदा बदल गए, लाशों में।
धड़ाक
कड़ाम
और शहर बदल गया, खंडहरों में।


झूमर वदा झोंक गया उनकी आंखों में धूल।
धड़ाक
रहने दो। अब वह वापस नहीं आएगा। तुम सबको बेवकूफ बना गया।
यहां की पुलिस वूऊ, वूऊ करती आती है। पीछे मुड़ने से पहले मुझसे पूछ तो लेते।
सबसे पहले तू ही पीछे मुड़ा था।
हम अपराधियों से ग्रीन मांबा का पता करने में, दुबारा चूक गए। अब हमको कोई और रास्ता अपनाना पड़ेगा।
रुको, मैं अपने कंप्यूटर पर चेक करता हूं।
मिल गया... पुलिस!! पुलिस भी अपराधियों की पूरी खोज खबर रखती है। उनसे हमको ग्रीन मांबा की पूरी जन्मपत्री मिल जाएगी।
पुलिस
ठीक है
अब यहां से फूट लो।
साब, कूड़े वाला ट्रक ले आया हूं...
कूड़ा कहां है?
कूड़ा
अंदर बेहोश पड़ा है...
...जाकर बटोर ले।
कूड़ा बेहोश पड़ा है?
ये ज्यादा पी गया।



किसी को यह तक मालूम नहीं था कि इस वहशियत का खेल खेलने वाले दरिन्दे का आखिर मकसद क्या है।
पूरा शहर 'खून' से सन गया था—
और पत्थर सा सख्त हो गया था, आई.जी. राजन का चेहरा।
मुझे राजापुर के विस्फोटों का जिम्मेदार हर हालत में चाहिए।
जिंदा या मुर्दा।
हम राजापुर पुलिस हैडक्वार्टर से हर पल संपर्क बनाए हुए हैं, सर। साथ ही साथ राजनगर में भी, पूरी चौकसी बरत रहे हैं।
पर रिपोर्टों के मुताबिक तो धमाकों के वक्त फाइटर टोड्स, राजनगर कैसीनो में मारपीट कर रहे थे।
लेकिन फिर भी इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता कि, फाइटर टोड्स का धमाकों में हाथ है।
पूरी बात तभी खुलकर सामने आएगी, तब हम खुद फाइटर टोड्स से पूछ ताछ करेंगे, शिकार सिंह।
वे राजनगर से बाहर नहीं जा पाएंगे, सर...!


इस केस के बारे में पूरी जानकारी एकत्रित करने एक और जबरदस्त शख्सियत राजनगर में आ चुकी थी-
विश्व आतंकवाद का दुश्मन ।
नागराज!
आतंकवाद अपना घिनौना सिर फिर से ऊपर उठाने लगा है।
पर नागराज के रहते आतंकवाद कभी कामयाब नहीं हो पाएगा।
विस्फोट, हालांकि राजापुर में हुए हैं।
पर पुलिस का हेडक्वार्टर यहां, राजनगर में होने के कारण मुझे यहां से ज्यादा जानकारी मिल सकेगी।
POLICE HEADQUART
नागराज!
रात का अंधेरा घिरते ही...
...एक मेनहोल का ढक्कन फि सरकने लगा।
और चार जानी पहचानी आकृतियां निकलने लगीं।
पुलिस हेडक्वार्टर का नक्शा तो मेरे कंप्यूटर ने दिखा दिया है। पर हम वहां तक पहुंचेंगे कैसे?
पैदल जाने में समय लगेगा!
और उछल-उछल कर गए तो सब हमें पहचान जाएंगे।
कंप्यूटर! इस वाहन का प्रयोग करें तो कैसा रहेगा?
अति उत्तम! पर पहले मैं अपने कंप्यूटर चेक कर लूं, कि इस वाहन को चलाते कैसे हैं!
हर समय दिमाग को कष्ट मत दिया करो, कंप्यूटर!
कभी कभी कटर से भी पूछ लिया करो।



ऐसे चलता है, ये वाहन।
ज़ोर लगाके हईशा।
इस गाड़ी में भी पेट्रोल अभी खत्म होना था।
ओहो! यानि…ये तो बहुत आसान है।
मास्टर, तू मेरे साथ बैठ।
कटर और शूटर, धक्का लगाओ।
फाइटर टोड्स की किस्मत से कार का दरवाजा भी खुला था, और उसमें चाबी भी लगी थी।
वो धक्का लगाने वाले क्या बोल रहे थे। शूटर?
हईशाऽऽऽ!
हईशा!
यार मास्टर, मुझे नहीं मालूम था कि कटर के पास इतना दिमाग है।
आखिर है तो हमारा साथी न।
बड़ा मजा आ रहा है, रे कटर!
और तेज शूटर और तेज।
हमको जल्दी पहुंचना है।
परंतु कटर और शूटर के धक्का लगाने के फलस्वरूप
स्टार्ट हो गई।
घूंऊंऊंऊं
अरे, ये
कहाँ से
गया?
ये थरथराहट कैसी कंप्यूटर?
गाड़ी अपने आप कांप रही है।
और अब ये बगैर धक्का लगाए चल रही है।
भूत! इसमें भूत घुस गया है।
बचाओ!
बचाओ
?
घूंऊंऊंऊंऊंऊं


क्या हुआ? चिल्लाता हुआ भाग क्यों रहा है?
वह कंप्यूटरें... मास्टरें... भाग... हम्फ हम्फ...!
ओह! समझ गया! कोई मास्टर चोर तुम्हारी कार और उसमें रखा कंप्यूटर लेकर भाग रहा है।
पर ट्रैफिक मैन स्पीडो सिंह से बचकर किधर जाएगा? पीछे बैठो।
आगे खिसक कर्टरें!
स्पीडो सिंह। इं. शिकारसिंह हियर। मेरी जीप की चाबी गटर में गिर गई है, ओवर।
मुझे लेने तुरंत आओ मैं राजपुर रोड...
सॉरी सर।
स्पीडो सिंह वेरी बिजी...
...चेजिंग चल रही है सर।
ओवर एंड आल सर।
हां अब बताओ कि... हु या या या!!
भूत!
स्पीडो सिंह चलती मोटरसाइकिल से कूद गया।
अबे! अबे!
किधर भागता है?
उसे छोड़, शूटर! इसे संभाल!
अबे मुझे क्या मालूम कि यह दो चक्के पर कैसे चलती है?
तो फिर चिल्ला...
बचाओ... बचाओ।


इंस्पेक्टर शिकार सिंह अपनी किस्मत को कोस रहा था।
ओफ! गटर से चाबी निकालनी पड़ रही है।
कितनी बार बीवी से कहा है कि पैंट की जेब का छेद सिल दे।
पर उसको तो पिक्चरें देखने से ही फुर्सत नहीं मिलती।
कंप्यूटर, बचा! सामने एक और वाहन खड़ा है।
टक्कर।
ईयाऊ
धड़ाक
इस टक्कर से जीप थोड़ी सी आगे सरकी।
और-
मेरा हाथ! कौन है साला ऽx!!+!- गाड़ी चलाने वाला! ऐसा लाइसेंस कैंसिल करूंगा कि सात जन्म तक नहीं बनेगा।
अरे! कोई मेरा हाथ तो निकालो
गुस्से से पगलाया शिकार सिंह पलटा
भगवान ने शिकार सिंह की पुकार सुन ली।
धड़
उसका हाथ जीप के नीचे से निकल गया।



पर तभी शिकार सिंह अपना सारा दर्द भूल गया।
फाइटर टोड्स! अपने आप मिल गए।
पुलिस जी! अपने आप मिल गए।
तुम लोग मुझे ढूंढ रहे थे?
पर क्यों?
जी, हम लोग एक बहुत बदमाश आदमी की तलाश में हैं।
ग्रीन मांबा नाम है उस शैतान का।
ग्रीन मांबा! अरे, वो तो... उसको तो मैं बहुत अच्छी तरह जानता हूं।
आओ, मैं तुम लोगों को उसके पास ले चलता हूं।
सच, पुलिस जी?
इन मूर्खों को फांसने का सही तरीका है।
ताकत का इस्तेमाल किया तो ये पीट-पीट कर मेरा भुर्ता बना देंगे।
थोड़ी ही देर में, टूटी-फूटी कार अपनी मंजिल पर पहुंच गई—
पीं ईं ईं
रिर्रर्र र्र
और फाइटर टोड्स अपनी मंजिल पर—
ये तुम लोगों की ठहरने की जगह है, दोस्तो!
तुम लोग यहां आराम करो।
मैं ग्रीन मांबा को लेकर अभी आता हूं।
आप कितने अच्छे-अच्छे हैं पुलिस जी।


फाइटर टोइस का जिक्र हर जगह हो रहा था-
हूं, तो वे असली के टोइस हैं।
और वे किसी ग्रीन मांबा को ढूंढ रहे हैं।
ठेक है न टुंडा और भूमर।
यस, ब्लेक तांबा।
हमारी यही रिपोर्ट है।
ठीक है। अब तुम लोग जा सकते हो।
ओ...ओ.के.
साला हर सम
अकड़ा रहता है
कभी इनाम में
पीने के लिए दो
रुपए तक न
दिए।
टुंडा और भूमर के बाहर निकलते ही-
ब्लेक तांबा की यांत्रिक कुर्सी फर्श पर बने ट्रेक पर अपने आप फिसलने लगी।
ग्रीन मांबा तक।
ये तो बात कंफर्म हो गई कि, वे फाइटर टोइस ग्रीन मांबा को ढूंढ रहे हैं।
यह खबर तुरंत पहुंचानी बहुत जरूरी है।
हमारे नए ऑर्डर आगए हैं, मेरे आक...बॉस।
बोलते जाओ।
चमचा; फिर मुझे आका बोलने जा रहा था।
दो सौ बक्से हथगोले, पचास ए.के.56 रायफलें, पांच राकेट लॉंचर...
हथगोले
बस, बस समझ गया।
भारत में यह बिजनेस बहुत तरक्की पर है।
रोज दस पर सेंट डिमांड बढ़ जाती है। पर पापुलेशन फिर भी कम नहीं हो रही है। वेरी बैड।



आप हमेशा की तरह ठीक कह रहे हैं, मेरे आका!
आका... फिर आका!
बॉस बोलने में तेरी जीभ टेढ़ी होती है क्या?
अब मैं तुझको एक बहुत भयानक मौत मारूंगा।
माफ कर दो, मेरे आक.. बॉस!
पेटी से एक हैण्ड ग्रेनेड निकाल।
अब इसे अपने सिर पर फोड़...
रुक जा! धमाके से मेरे दिल की धड़कन तेज़ हो जाती है।
उस बुलेट प्रूफ शीशे के केबिन में घुस जा!
थर-थर कांपता ... केबिन में घुस
अब थूक निगल कर इसे अपने सिर पर पटक ले।
पटक!
चमचे ने बिना हिचके बम को पटक लिया।
ठक
फुस्स
यह क्या?
बम क्यों नहीं फटा?
ये बम क्या लालकिले के पीछे वाले कबाड़ी बाजार से लाया था?
बॉस!
ये वह नकली बम है, जो हम असली में मिलाकर बेचते हैं!
यही तो हमारा असली प्रॉफिट है।
प्रॉफिट! यानि मुनाफा। पैसे ही पैसे!
तूने पैसों की बात कह मेरी तबियत खुश कर दी, चमचे।
अब मैं तुझे जान से तो नहीं मारूंगा, पर तुझे ऐसे छोड़ूंगा भी नहीं।
चल मुर्गा बनजा!



मैं भी कितनी तरक्की कर गया हूं...
... बचपन में मास्टर मुझे मुर्गा बनाया करता था, अब मैं दूसरों को मुर्गा बनवाता हूं।
ब्लैक टांबा का दंडवत स्वीकार करें।
उठो, वत्स ब्लैक टांबा उर्फ हं० शिकार सिंह।
तुम जब दंडवत
तो जरूर
लते हो।
कहो, क्या सूचना लाए हो?
रामायण और महाभारत
मेरी हिन्दी काफी
ग्रीन मांबा!
आपके द्वारा फिट किए गए बमों ने सारे महत्वपूर्ण स्थानों को ध्वस्त कर दिया है।
शहर तबाह कर दिया गया है।
ग्रेट
है ग्रेट।
अब मेरे उस नुकसान का बदला पूरा हुआ, जो हमें इस देश की सरकार ने, अपने ही हाथों से करने के लिए मजबूर कर दिया था।
जिसमें पच्चीस करोड़ रुपए का गोलाबारूद लदा हुआ था।
मेरी आंखों के सामने मेरा वह जहाज अब भी तैरता है।
तुम्हारी इंफार्मेशन पर जब मुझे पता चला कि-
क्या? सी. बी. आई. को मेरे जहाज में भरे गोले बारूद की जानकारी हो चुकी है...
...अब क्या करूं?
मैं माल वापस भी नहीं भेज सकता, क्योंकि जमेनी की जिस दुकान से मैंने सारा माल खरीदा था...
...उसके
कि बिका हुआ
अब एक ही सूरत है, ग्रीन मांबा...


...कि वह जहाज़ हम खुद डुबो दें।
सलाह मानने के अलावा और कोई चारा नहीं था।
जहाज डुबो दिया गया।
और मैंने एक भयानक बदले की कसम खा ली।
एक फायदा भी तो हुआ, ग्रीन मंबा। मैंने यह खबर फैला दी कि आप भी जहाज के साथ डूब मरे।
फलस्वरूप पुलिस ने आपका पीछा करना छोड़ दिया।
हां यार। पच्चीस करोड़ का माल, सौ करोड़ के जहाज के साथ डूब गया तो मुझे तो वैसे ही मर जाना चाहिए था।
खैर छोड़ो। मेरी आंखों में आंसू आ रहे हैं। (सुबुक)।
क्या तुम सिर्फ धमाकों की खबर देने ही मेरे पास अपने जेट प्लेन से, राजनगर से राजापुर आए थे?
नहीं ग्रीन मंबा। असली खबर तो अभी देनी बाकी ही है।
ये देखिए।
मेंढक। चार-चार मेंढक। पर मैंने मेंढक खाने छोड़ दिए हैं, तांबा।
ये मेंढक खाने वाले नहीं हैं, ग्रीन मंबा। ये आदमकद मेंढक हैं। अपने आप को फाइटर टोड्स कहते हैं।
और ये आपको ढूंढ रहे हैं।
ये कहीं उस मेंढक के बेटे तो नहीं हैं, जिसे मैंने थाइलैण्ड में खाया था।
अपने बाप की मौत का बदला लेने तो नहीं निकले हैं ये चारों?
नहीं, ग्रीन मंबा! ये गजब के फाइटर हैं। मैं दरअसल इनको अपने गैंग में शामिल करने की सोच रहा था।


तो ले आओ उनको यहां पर। लेकिन मैं उनको पांच सौ रुपए महीने से ज्यादा नहीं दूंगा।
आप उनको एक धेला भी मत देना, ग्रीन मांबा।
मैं उनको लेकर अभी आता हूं।
फाइटर टोड्स अपनी स्थिति को अब तक समझ नहीं पा रहे थे।
यार भूख लग रही है।
पेटू कहीं का। इस कमरे के सारे कीट पतंगे खा गया। अब भी भूख-भूख चिल्ला रहा है।
दरवाजा क्यों नहीं खुल रहा है?
इसपर ताला लगा है। चाबी नाम के यंत्र से खुलता है।
पुलिस जी, दरवाजा खोलो न। हमको घूमने जाना है।
चुप बे। टर्र-टर्र कर रहा है। ये तुम्हारा घर नहीं, जेल है जेल!
यह कोई सैर करने की जगह नहीं है।
जेल! यानि धोखा।
क्या हो गया, कंप्यूटर? धोखा! कैसा धोखा?
जेल वह जगह होती है, जहां पर अपराधियों को रखा जाता है।
अब मैं धोखे का जवाब देता हूं, पुलिस जी को।
कटर्र की जीभ आश्चर्यजनक रूप से लंबी होने लगी।
और हवलदार खिंचता चला आया।
ये रही चाबी।



और पूरे जेल में हड़कंप मच गया-
आज फिर कोई जेल तोड़ कर भाग रहा है।
इस बार की घूस किसने खाई?
साले, मुफ्त की खाते हैं। फिर भी पता नहीं क्यों भागना चाहते हैं।
मास्टर! कहो तो इन सबको काट डालूं।
इनकी जरूरत नहीं है कटर।
तू मास्टर का कमाल देखता जा।
और-
अब मेरे पीछे-पीछे भाग आओ।
मास्टर का शरीर फूलता चला गया।
मैं रास्ता साफ करता हूं।
गोली चलाओ। गोलियां चलाओ।
गोलियां कहां हैं हमारे पास?
कल ही तो सारी गोलियां डाकू जालिम सिंह खरीद कर ले गया है।
ब्लैक में।


घबरा मत। घबराहट में तुझे पसीना निकलने लगता है। और पसीने से बदबू आने लगती है।
ये लोग जेल की बीस फुट ऊंची दीवार को कभी पार नहीं कर सकते।
पर छलांग से मेंढकों का बराबरी कोन कर सकता है
टोड्स, जंप।
कटर। धीरे जंप लगाना।
वर्ना तेरा सिर उस चिड़िया से जा टकराएगा।
गए।
भाग गए।
सेक चंद। ले दो रुपए एक की हल्दी और एक का चूना जल्दी से ले आ।
शिकार सिंह आज हम सबका शिकार करेगा।
उधर- नागराज- विस्फोटों के जिम्मेदार अतंकव का पता लगाने की नाकाम कोशिश कर रहा था।
आप हमसे मदद मांग रहे हैं जबकि इस केस को सुलझाने के लिए हमें आपकी मदद चाहिए।
फाइटर टोड्स ये बाधा भी पार कर गए।
बगैर हमारी मदद के ये कुछ नहीं कर पाएंगे।
हमारे मदद करने से ये खुद कुछ नहीं सीख पाएंगे।
ये इनके सीखने का समय है।
फाइटर टोड्स को अपना काम पूरा करने से कोई रोक नहीं सकता।
इनसे सिर खपाना बेकार है।
अब मुझे अगर कोई इस पूरे घटनाक्रम की तह पहुंचा सकता है तो...


सुपर कमांडो ध्रुव-
यह संयोग नहीं हो सकता, पापा।
इस तबाही के लिए उसी तरह विस्फोटकों का इस्तेमाल किया गया है...
...जिस तरह के विस्फोटकों से लदा एक जहाज, कुछ समय पहले समुद्र में डूब गया था।
पर वह जहाज तो ग्रीन मांबा का था। और खुद ग्रीन मांबा भी उसी जहाज के साथ डूब मरा था।
उसके मरने के बाद उसका गैंग छिन्न भिन्न हो गया है।
आप एक बात भूल रहे हैं, पापा।
ग्रीन मांबा की लाश का आज तक कोई पता नहीं मिला।
शायद वह मरा नहीं था।
अपराधियों के बारे में भी।
यह बात फाइटर टोड्स को पता थी।
अपराधी मरा, पुलिस गई।
अब हमें ग्रीन मांबा के बारे में कौन बताएगा?
रिपोर्टर।
रिपोर्टर! नाम से तो अपना भाई लगता है।
ये होता कौन है?
...प्रेस एरिया।
प्रेस एरिया की सबसे मशहूर बिल्डिंग थी-
-इंडियन टाइम्स की बिल्डिंग।
इंडियन टाइम्स
और इंडियन टाइम्स का सबसे सुनसान स्थान था- टॉयलेट।
ओह! ये जींस इतनी टाइट है कि हर बार टॉयलेट करने के लिए




पिन्टू लायब्रेरी
100/35, शिवाजी नगर
बस स्टाप नं. 6 भोपाल


हां बताइए, आप को मुझसे क्या काम है?
जी, हम फाइ...
एक मिनट! खुबे, वेस्ट फुल पेस्ट कर देना, प्लीज।
वेस्ट फुल होते ही चार टर्र हवा में उड़ गए।
टर्र टर्र
फाइटर टोड्स!
अरे! हो घंटे से यही तो बता रहे हैं। तुम सुनती ही नहीं।
ये लड़कियां किसी और को बोलने कहां देती हैं?
फाइटर टोड्स का नाम सुनते ही इंडियन टाइम्स के प्रेस रूम में भूकम्प आ गया।
फाइटर टोड्स!
यहां पर?
इंटरव्यू देने आए होंगे।
तू पीछे हट। इनका इंटरव्यू तो मैं ही लूंगा।
क्यों रे तू इनका चाचा लगता है क्या?
अखबार के फ्रंट पेज की जगह खाली कर लो।
शैलजा! नई वाली! इनकी पूरी छत्तीस फोटो उतारूंगा।
फाइटर टोड्स! आपका ये नाम किसने रखा?
आप लोग क्या खाते हैं?
तू मान न मान! रिपोर्टर अपने ही बिरादरी के होते हैं।
इतनी टर्र-टर्र और कोई नहीं कर सकता।
आपलोग किस पार्टी को वोट देंगे।
भारत-पाकिस्तान संबंधों पर आपकी क्या राय है?
यार, मैं तो कंफ्यूज हो रहा हूं।
पूछना हमको इनसे है, या इनको हमसे।


जरा सा मुस्कराइए!
जरा सा क्यों? पूरा लो।
ही ही ही ही ही।
अबे! क्या करता है?
डर मत भाई! ये कोई हथियार नहीं है।
यार, मुझे तो यह जगह बहुत खतरनाक लग रही है।
ये लोग इतने सारे डंडे, मेरे मुंह की तरफ क्यों घुसेड़ रहे हैं?
पता नहीं।
ये माइक हैं, टोड जी।
इसमें आप जो बोलेंगे, इस मशीन में भर जाएगा।
आप तो बस इंटरव्यू दे दीजिए।
नताशा जी, हम लोग तो सिर्फ आपको इंटरव्यू देंगे।
तो दीजि
आखिर ये लोग हमसे चाहते क्या हैं, कंप्यूटर?
इंटरव्यू नाम की कोई चीज बार-बार मांग रहे हैं।
वह क्या होती है?
पता नहीं! लेकिन इस लड़की नताशा से हम यहां पर कुछ नहीं पूछ पाएंगे।
दरअसल 'इंटरव्यू' हम अपने घर में भूल आए हैं।
आप हमारे साथ च
ले लीजिए, हम उसे
में रख कर देंगे।
तो फिर हम इसका अपहरण कर लें।
उसकी जरूरत नहीं है।
तुम इस भीड़ को संभालो।
मैं अपने दिमाग का कमाल दिखाता हूं!
वाह, जियो, कंप्यूटर! क्या दिमाग पाया है! अब लड़की अपने आप हमारे साथ चलेगी।
इंटरव्यू' लिख
में रख कर देंगे
तो तुमने मुझे मू
समझ रखा है
...या तुम खुद
हो!


कुछ गड़बड़ हो गई है। अब दिमाग को किनारे रखकर हाथ-पैर से काम लेना पड़ेगा।
ई कर्टर, शूटर!
कर्टर, शूटर को तो इसी सिग्नल का बेताबी से इंतज़ार था।
वे पहले नताशा की तरफ लपके-
और फिर - टॉयलेट की तरफ -
यह क्या हो रहा है, भई?
ये लोग नताशा का अपहरण कर रहे हैं।
ये 'लोग' नहीं ये 'टोड' थे।
बचाओ बचाओ !!
टॉयलेट
टोड्स के अंदर घुसते ही - टॉयलेट का दरवाज़ा एक झटके से बंद हो गया।
भड़ाक
पुरुष
और जब तक दरवाज़ा टूटता -
कड़ड़ड़
टॉयलेट में कोई नहीं था।
कहाँ गए?
कहां गए?
आखिर गए कहां?
निकल गए।
पुलिस को बुलाओ।
अनिता जी बाहर निकलो। मुझे पेशाब करना है।
स्त्री भीड़ बाहर ही रह गई।


नीचे- टोड्स, नताशा को लेकर अपने टेंपरेरी निवास स्थान पर आ पहुंचे थे।
अब हमारी बात ध्यान से सुन, लड़की!
तुम लोग आखिर हो क्या चीज? और मुझसे क्या चाहते हो?
ग्रीन मांबा का पता!
ग्रीन मांबा तो अब किसी कब्रिस्तान में ही मिलेगा।
इसका क्या मतलब होता है?
ग्रीन मांबा मर चुका है।
देख लड़की! हम बहुत खतरनाक टोड्स हैं।
वर्ना तुम क्या कर लोगे? मार डालोगे मुझे?
कम्प्यूटर! बता इस छोकरी को।
हम तुम्हारे मुंह पर एक ऐसी दवाई मल देंगे, जिससे तुम्हारे मुंह से निकलने लगेंगी।
अरे बाप रे!
ये अजीबो-गरीब टोड्स कुछ भी कर सकते हैं, पर ये थोड़े सनकी हैं।
देखो, ग्रीन मांबा के बारे में तुमको सिर्फ दो लोग बता सकते हैं।
ये दोनों कहां मिलेंगे?
हर जगह।
हर जगह! गोबर गड्ढे में भी?
न... नहीं। मेरा मतलब है कि तुम जहां कहीं भी गड़बड़ करोगे, ये अपने आप वहां पहुंच जाएंगे।
पर ये ढूंढने से नहीं मिलेंगे।
ठीक है! तो हम गड़बड़ करेंगे।
पर उनसे यह बताना मत भूलना कि नताशा, तुम्हारे कब्जे में है।
क्योंकि तुमको कुछ भी नहीं बताएंगे।


फिर हम जाएं, तो यह लड़की भाग जाएगी!
इसको बांध देते हैं!
हां, मेरे पैर बांध दो!
पैर के साथ हाथ क्यों नहीं?
क्योंकि, भागा तो पैरों से ही जाता है! हाथ से कोई थोड़े भागता है!
धोखे के दिमाग है!
इसके पैर बांध दो!
थोड़ी देर बाद- नताशा को बांधकर-
फाइटर टोड्स गड़बड़ करने निकल पड़े-
भूख
रेस्टोरेंट एवं बार
अब चलो गड़बड़ करते हैं!
पर 'गड़बड़' क्या होता है?
इसे करते कैसे हैं?
यह तो मैं पूछना भूल गया!
मैं अभी उस छोकरी से पूछ कर आता हूं!
रुक जा, यार! मुझे भूख लग रही है!
पहले कुछ खाया जाए!
भूख तो मुझे भी लग रही है!
देख यार! अंदर कितने सारे लोग खा रहे हैं!
हां! और खिलाने वाले भी कितने अच्छे हैं! खुद चीजें ला-ला कर दे रहे हैं!
ITALIAN
CONTINEN
CHINSE
चल हम भी यहीं खा लेते हैं!



शीघ्र ही - फाइटर टोड्स एक टेबल पर जम गए -
क्या लाऊं, साहब?
जो कुछ भी है, सब ले आओ!
सब! चार-चार प्लेट।
और जब तक फाइटर टोड्स खाना खत्म कर डकार मारते, रेस्टोरेंट ग्राहकों से खाली हो चुका था।
ओम
बर्ड
डकार
बहुत मोटी पार्टी है सर।
दस हजार, दो सौ पैंस रुपए का खाना खा
साब, और कुछ?
नहीं यार! (डकार)
बिल ले आऊं सर?
अमां, कहां न कि पेट भर गया है। बिल तुम खा लेना।
हे हे हे हें! बड़े मजाकिया हैं साहब लोग।
पैसे नगद देंगे या क्रेडिट कार्ड से?
पैसे? पैसे क्या होता है
मुद्राएं! जिससे चीजें खरीदी जाती हैं।
हमने कुछ खरीदा थोड़े ही हमने तो खाया है
देख भाई! मुद्राएं तो हम टोड्स रखते नहीं हैं।
आज हमने तेरे घर खाया, कल तू हमारे घर आकर खा लेना।
हिसाब बराबर।
हां यार! पैसों को बीच में क्यों लाता है?
मैनेजर साहब! ये लोग पैसे नहीं दे रहे हैं।
पैसे नहीं दे रहे हैं, तो इनके ओवरकोट उतार लो।
और फिर सारी हड्डियां तोड़ कर गट फेंक दो चारों


अगले ही पल - वेटर और खानसामों की भीड़ चारों तरफ से टोड्स पर लपक पड़ी -
ये रहा टोप।
मैंने दो कोट उतार लिए।
लाल की पैंटें मैंने उतार लीं।
अब पीटो इनको।
तभी भीड़ के बीच से एक आवाज गूंजी
टोड्स एक्शन।
और - कई शरीर चारों तरफ हवा में उड़ने लगे!
फाइटर टोड्स, एक्शन में आ चुके थे।


देखते ही देखते फाइव स्टार रेस्टोरेन्ट, कबाड़ी की दुकान सा दिखने लगा।
और पूरा रेस्टोरेन्ट खाली हो गया।
कुछ अपने आप भाग गए।
और कुछ को टोड्स ने भगा दिया...
...खिड़की के रास्ते से।
ओफ! यह क्या?
ध्रुव, रेस्टोरेन्ट के दरवाजे तक, कुछ ही पलों में पहुँच गया।
और उसकी आँखें आश्चर्य से चौड़ी हो गईं।
फाइटर टोड्स!
फाइटर टोड्स की शक्ल ही ऐसी थी कि कोई भी देखते ही पहचान जाए।
ये कौन आ गया, भाई कंप्यूटर?
हमको तो ये पहले से जानता है।
मैं तुम्हारी ही तलाश में घूम रहा था।
अब तुम कानून से बचकर नहीं भाग सकते, टोड्स।
कानून! यानि ये पुलिस वाला है!


पुलिस वाला यानि धोखेबाज।
टोड्स एक्शन!
और ध्रुव के संभल पाने से पहले ही...
टण टणाक
...बिजली की सी फुर्ती से एक धनुष तना-
ठक ठक
एक चमकती, बिना धार की तलवार ने उसके कुछ बाल काट दिए।
सांय
ओफ!
दो तीर ध्रुव के कानों के बगल से सनसनाते हुए निकले-
किचन
ओहो!
सिर्फ दो सेकेंडों में दुश्मन चित्त होगया।
शाबास, टोड्स!
और एक जोरदार किक ने उसे जमीन पर ला पटका।
किचन
ताड़
पर टोड्स यह नहीं जानते थे कि इस बार उनका दुश्मन कोई मामूली व्यक्ति नहीं, बल्कि सुपर कमांडो ध्रुव है।
ये टोड्स तो गजब के फुर्तीले हैं...
...और साथ में ये चार-चार हैं।


पर इस किचन में
इनसे लड़ने के लिए
कई चीजें है।
ध्रुव का पैर, डोसा बनाने वाले
बड़े तवे से टकराया।
ठ
न्ना
क
और, कटर के हाथ से तलवार छूट गई।
आऊऊऊ
पर- उसी पल कटर का शरीर आश्चर्यजनक फुर्ती से हवा में उछला।
धड़
ड़
क
ध्रुव, ढाल के वार से नहीं बच सका।
और वह 'सीक कबाब' बनाने वाली सींखों
के ढेर पर जा गिरा।
कटर ने गलती से ध्रुव को
खुद ही हथियार दे दिया था।
शूटर का भी धनुष
हाथ से छूट गया।
और ध्रुव के एक करारे वार से कटर और शूटर
की आँखों के आगे तारे नाच गए।


मास्टर: क्रोधित होकर अपने विराट रूप में आ गया था।
धाड़
अरे! इस मेंढक का साइज इतना बड़ा कैसे हो गया?
इसका अगर एक भी घूंसा मुझ पर पड़ गया...
...तो मेरी हालत उस टूटे दरवाजे जैसी ही हो जाएगी।
छपाक
यह बड़ी मुसीबत है। इस बड़े साइज में मैं अपने 'पोलबोल्ट' का इस्तेमाल नहीं कर सकता।
अगर करूंगा तो वह टूट जाएगा।
इसलिए पहले इसके हाथों को बांधना होगा।
इस गुंथे आटे से।
छपप
और फिर दूसरे आटे से इसकी आंखें बंद करना।
ध्रुव ने एक ही सधे वार से मास्टर को जलती गैस पर बिठा दिया।
और मास्टर चिल्ला उठा।
आ ईयायाय
उसका शरीर, आग से बचने के लिए अपने सामान्य रूप में आ गया।
और उसी पल ध्रुव ने उसे तारों के साथ-साथ, चांद सूरज भी दिखा दिए।
टिशूं


पर तभी- ध्रुव के पीछे से, एक लंबी जीभ ने ध्रुव को अपने लपेट में ले लिया।
शाबास टोड्स!
इसको बाहर ले आओ!
और माथे की तरफ सधे नुकीले बाण ने, ध्रुव को न हिलने के लिए मजबूर कर दिया
अब बताओ, प्यारे! कानून जीता या फाइटर टोड्स?
जब तक सुपर कमांडो ध्रुव के साथ है, तब तक वह कानून को हारने नहीं देगा।
सुपर कमांडो ध्रुव! तुम सुपर ध्रुव हो?
अरे मास्टर! उस छोकरी का मैसेज इसको फटाफट सुना दे।
मैसेज है, नताशा तुम्हारे कब्जे में है।
तुम्हारे?
तुम्हारा मतलब कि 'मेरे'?
यार, उस लड़की ने तुम्हारे ही कहा था...
...मुझे पक्का याद है।
यह मेरे-तुम्हारे का चक्कर छोड़ो!
ग्रीन मांबा! उससे तुम्हारा क्या संबंध है?
पहले मैंने पूछा था!
बताओ! बताओ न!
पर तभी- हवा में कुछ आकृतियां सरसराईं!
और ध्रुव आजाद हो गया।
सांप!
इतने सारे सांप!
ये कहां से आ गए!
मैं समझ गया! पहले आते हैं,
सेना के जांबाज!
फिर आता है....



नागराज !
बाहर गिरी तुम्हारी मोटर साइकिल ने मुझे तुम्हारा पता बता दिया ध्रुव !
अरे वाह! नागराज जी भी आ गए।
अब तो ग्रीन मांबा का पता मिलकर रहेगा।
हमको पचाना मुश्किल है, नागराज के सांपों।
पर-
अईया !
इसके तो हाथों से सांप निकल रहे हैं।
और सांपों का प्रिय भोजन होता है, मेढक।
यानि हम।
कंप्यूटर गया ! अब इसको सांप निगल कर रहेगा।
कैसे निगलेगा?
ये धनुष-बाण क्या मैंने आम तोड़ने के लिए रखे हुए हैं?
खचाक
सांय सांय
हम खाने वाले का पेट फाड़कर बाहर आ जाते हैं।
मास्टर को सांपों ने घेरा तो जरूर।
पर मास्टर के विराट रूप धरते ही सारे सर्पों के बंधन खुल गए।


मास्टर के भारी-भरकम पैरों ने सांपों का मलीदा बना दिया।
नागराज का क्रोध सीमा पार कर गया।
अब मैं अपनी एक
फुंकार से तुम सबका
दूंगा।
उससे पहले मैं तुम्हारा मुंह घूंसों से भर दूंगा।
दोनों तरफ के लोग इरादे के पक्के थे।
एक भयंकर लड़ाई होने ही वाली थी।
किन्तु भी - चारों टॉइज़ बेहोश होकर नीचे गिर गए।
यह क्या? मैंने तो अभी जहरीली फुंकार का सिर्फ नाम ही लिया था।
इनको हमने बेहोश किया है, नागराज और ध्रुव!
क्योंकि फाइटर टॉइज़ के लिए अपने निर्माताओं के बारे में जानने का समय अभी नहीं आया है।
धनंजय! यानि फाइटर टॉइज़, स्वर्ण नगरी से आए हैं।
हां ध्रुव! और ये है टॉइज़ की निर्माता, शिल्पा!
ये लोग कौन हैं, ध्रुव?
ध्रुव ने शीघ्रता से नागराज को स्वर्ण नगरी की कहानी
दी।


बताओ, धनंजय, कि आखिर
काइटर टोड्स हैं क्या चीज,
र यहां पर क्यों आए हैं?
यह योजना हमें
कुछ महीने पहले
बनानी पड़ी थी,
ध्रुव...
... अब विस्फोटक गोले-बारूद से लदा एक जहाज स्वर्ण नगरी के करीब डूब गया था। पूरा पानी विषैला हो गया। स्वर्ण नगरी से बाहर तैरकर निकलने पर स्वर्ण नगरी वासी मर गए।
समें एक भी मानव शव न मिलने से, हमको यकीन हो गया कि जहाज को जानबूझ कर डुबोया गया है। यानि उसमें अवैध रूप से गोला बारूद भरा हुआ था।
वह पूरा क्षेत्र समुद्री जीव जंतुओं की लाशों से पट गया। हमने जंतुओं के अवशेषों की छानबीन की-
मैं स्वयं ग्रीन मांबा को ढूंढकर दंड देने धरती पर जाना चाहता था। पर बुजुर्गों ने मुझे ऐसा करने से रोक दिया।
हाज की सेफ तोड़ने पर उसमें हमको कुछ कागजात मिले, जिससे
ता चला कि जहाज के मालिक का नाम ग्रीन मांबा है।
न्तु किसी न किसी को तो स्वर्ण
गरी का प्रतिनिधि बनकर धरती
पर जाना ही था।
आखिरकार शिल्पाजी
ने इसका हल निकाल
लिया।
क्योंकि ग्रीन मांबा का पता लगाने के लिए मुझे न जाने कितने मानवों से मिलना पड़ता, और हमारे नियम इसकी इजाजत नहीं देते।
नके चार छोटे टोड चुने।
और उनको अपने अद्भुत वैज्ञानिक ज्ञान और विकिरणों के जरिए उनको यह वर्तमान स्वरूप दिया।
हमने इनके मस्तिष्क में युद्धकला और ज्ञान विज्ञान भरना चाहा। पर वक्त कम था। सिर्फ मार्शल आर्ट और, कंप्यूटर का ही हम थोड़ा ज्ञान दे सके।
हमने इनके दिमाग से यह ख्याल साफ कर दिया, कि ये स्वर्ण नगरी के प्रतिनिधि हैं। ताकि ये गलती से भी किसी को स्वर्ण नगरी के बारे में न बता सकें।




नताशा, स्वर्ण नगरी का रहस्य कैसे जानती है?




*नागानंद, नागराज के शरीर में वास करने वाली सर्पयोगी का एक योग रूप है।


काउंटर टोड्स ने आँखें खोलते ही अपने आप को एक नए माहौल में पाया।
अरे! यह हम कहां आ गए?
मेरी तलवार कहां गई?
मेरा धनुष?
मेरा वाल्ट?
मेरा कंप्यूटर तो मेरे पास है।
तुम्हारे सारे हथियार हमारे पास हैं, प्रिय टोड्स जी, तुमको, तुम्हारे ... के बाद ही मिलेंगे।
अब तुम्हारा इंटरव्यू लेंगे...
श्री ग्रीन मांबा।
ग्रीन मांबा!
मिल गया! मिल गया!
यह क्या, ब्लैक मांबा?
ये तो मेरे दुश्मन हैं।
मैं इनको बगैर हथियारों के ही चीर कर रख दूंगा।
प... पर हवलदारों ने तो मुझे यही रिपोर्ट दी थी, कि टोड्स
कहर आगे लपका—
और बिजली की एक अदृश्य दीवार से जा टकराया।
मेरे और तुम्हारे बीच में बिजली की एक दीवार है, टोड्स!
ईयाया उऊऊऊ!
चमचा, मेरी सुरक्षा का सारा इंतजाम फिट करके रखता है।


और अब मुझे बड़े दुख के साथ तुम लोगों को अपने रास्ते से हटाना पड़ेगा।
क्योंकि तुम लोग जान गए हो कि ग्रीन मंबा अभी जिन्दा है!
अच्छा, पर तुम हमको रास्ते से कैसे हटाओगे, मंबाजी?
ऐसे!
मंबा का हाथ एक बटन पर दबा -
और शिकार सिंह के पैर के नीचे का फर्श खुल गया।
अरे! ये तो अपना पुलिस जी है!
ये क्या, बॉस?
मेरी वफादारियों का येई ईनाम?
तेरी मूर्खताओं का नतीजा है।
तूने मेरा जहाज डुबोया, करोड़ों का नुकसान कराया।
और अब मेरे दुश्मनों को दोस्त बना यहां तक ले आया।
अब तेरा हिसाब चुकता करेगा... अजगरिया।
एक चीख के साथ शिकार सिंह नीचे बैठे विशालकाय अजगर के खुले मुंह में समा गया।
बचाओ!
अब इनका भी खेल खतम कर दो, बॉस!
ये मुझे बड़े प्यारे लग रहे हैं, चमचे! मुझसे इन की मौत नहीं देखी जाएगी।
तू मेरी उंगली, बटन पर रख के दबा दे!


बटन दबते ही टोइस के नीचेका भी पूरा फर्श हवा में लटक गया।
अबे, मांबा।
कमबख्त ने पीटने का मौका भी नहीं दिया।
पीटने का अरमान इस अजगर को पीट कर पूरा कर लो।
वाह! पीठ के बल गिरा, वर्ना मेरा कंप्यूटर टूट जाता।
उस छोटे से कमरे में अजगर से बचना असम्भव था
भड़ाक
धाड़
फाइटर टोइस के करारे वारों का भी अजगरिया पर कोई असर नहीं हो रहा था।
उसकी कुंडली में पत्थरों तक को चूर कर सकने की ताकत थी।
आऊं! अजगरिया भाई।
कुंडली जरा नीचे करके दबा।
हड्डियां तोड़ ले
पर मेरा कंप्यूट
तो छोड़ दे।
एक मिनट, टोइस। यह अजगर हमें खाना चाहता है।
सबसे पहले मैं इसका पेट भरूंगा।
पागल मत बन, मास्टर।
मुझे आगे जाने दे।
पर शूटर के रोक पाने से पहले ही, मास्टर, अजगर के खुले मुंह में घुस चुका था।
और शिकार सिंह की तर
अजगरिया ने, मास्टर को भी बिना चबाए हलक के नीचे धकेल लिया।


रअजगर गलत शिकार निगल गया था।
कर्र्र्र्र्र
एक धमाके के साथ अजगर का पेट फट गया।
अरे! ये देखो! मास्टर्र के साथ कौन निकला?
फटाक
वह शिकार उसके पेट फूल रहा था।
मास्टर्र, पेट के अंदर अपने 'विराट' रूप में आ रहा था।
नागराज और ध्रुव अपनी मंजिल से कुछ ही दूरी पर थे।
वह इमारत देखो, ध्रुव!
नागानंद उसी के अंदर है।
मैं स्टार हेलीकॉप्टर वहीं पर उतारता हूं।
ये तो पुलिस जी है।
पर यह तो डर के मारे कुछ ही देर में बुड्ढा हो गया।
फाइटर टोड्स पहली लड़ाई जीत चुके थे।
अब हमें यहां से बाहर निकलना है। पर इतनी ऊंची छलांग हम नहीं लगा सकते।
अगर मेरा पोल वॉल्ट मेरे पास होता...
...तो मैं एक छलांग में ऊपर पहुंच जाता।
तुम्हारे हथियार ये रहे, टोड्स!
ये तो नागराज का सांप है।
मैं नागानंद हूं। तुम्हारे साथ सूक्ष्म रूप में यहां तक आ गया था।
धन्यवाद, नागानंद।
अब हमें मांबा की पिटाई करने से कोई नहीं रोक सकता।
पोल वाल्ट ने एक ही झटके में मास्टर्र को ऊपर पहुंचा दिया।


शूटर के बाद एक अनोखी गोढ़ी तैयार कर रहे थे।
सांय सांय
ठक
खट
यानि दीन मांबा का काल आ गया था।
धड़ाक
अईया!
अरे! रुक-रुक कर के मार!
धीरे-धीरे मार!
धड़ाक
धम
भाड़
चमचे! बचने का तरीका बता!
"बचाव आसन" लगाओ, बॉस! घुटने के बल बैठकर, दोनों हाथ जोड़कर, सिर झुका लो!
यह आसन लगाते ही पिटाई बंद हो जाती है।
चुप बे! मुझे मेरी शक्तियां याद दिला।
आप बचपन से ही बड़े लालची थे, बॉस! छः महीने की उम्र में आप सबसे जहरीले सांप मांबा का जूठा दूध पी गए थे।
तब से आपकी खाल हरी हो गई। और आपकी रगों में मांबा का जहर दौड़ने लगा।
हां! याद आ गया।
अब मेरी जहर बुझी सांस छूटेगी।


सांस वाकई भयंकर जहर से बुझी हुई थी।
टोड्स पर कुछ पलों के लिए बेहोशी छा गई।
और मंबा को भागने का मौका मिल गया।
फोर्थ गियर लगाकर भाग ले, चमचे!
अब हम जर्मनी से पहले कहीं नहीं रुकेंगे।
पर मंबा और चमचे को रास्ते में ही रुक जाना पड़ा।
धाड़. भाड़.
सामने सत्य और न्याय की दो चट्टानें खड़ी हुई थीं।
नागराज और ध्रुव!
तुम दोनों से बचने के लिए ही तो मैं अपना अड्डा राजनगर से हटाकर राजापुर ले आया था।
पर आज मैं तुम दोनों की अर्थी उठवाकर रहूंगा।
मंबा के मुंह से विष भरी फुंकार दुबारा निकली।
आहा! बहुत मीठा जहर था!
पर मंबा का काटा तो पानी भी नहीं मांगता!
खच
पर नागराज उस फुंकार को शर्बत की तरह पी गया।
तू मंबा के जहर से बच गया?
मंबा के दांत नागराज की खाल में धंस गए।


और नागराज के शरीर में भरा अत्यंत तेज जहर, मांबा ने चख लिया।
पल भर में मांबा पर सौ बोतल शराब जैसा तेज नशा चढ़ गया।
हिक! हिक! मजा आ गया!
यार नागराज! तू... रोज दिन में दो बार मुझसे कटवा लिया... कर। हिक!
मैं तेरा... गुलाम... बन... हिक!
हिक!
गया!
तुमने तो मुझे इस पर हाथ उठाने का मौका तक नहीं दिया, नागराज।
तुम्हारी शक्तियां सचमुच अद्भुत हैं, नागराज।
धनंजय! तुम फिर आ पहुंचे।
हां नागराज! हम ग्रीन मांबा को स्वर्ण नगरी की अदालत में सजा दिलाना चाहते हैं।
वैसे तो ये कानून के खिलाफ होगा, धनंजय। परंतु धरती के कानून की नजर में, ग्रीन मांबा मर चुका है।
तुम इसको ले जा सकते हो।
ग्रीन मांबा को लेकर, धनंजय और शिल्पात्री नजरों से ओझल हो गए।
मिल गए!
यही ग्रीन मांबा को लेकर आगे हैं।
पर ये तो हमारे दोस्त हैं।
नागराज के सांप ने हमारी मदद की थी।
पर यही नागराज हमको जहरीली फुंकार से मार डालने की धमकी दे रहा था।
दोस्त हैं, यार।
मान जा, मूर्ख! ये हमारा दुश्मन है।



सभी-
टोड देव!
प्रणाम टोड देव।
ग्रीन मांबा को हम ले गए हैं, फाइटर टोड्स! नागराज और ध्रुव ने उसको पकड़ने में हमारी मदद की है।
ये हमारे भी मित्र हैं, और तुम्हारे भी।
इनकी सलाह और आदेश मानना, तुम्हारा कर्तव्य है।
हम अपने किए पर शर्मिंदा हैं, ध्रुव जी और नागराज जी।
हमको माफ कर दीजिए!
कर दीजिए न। देखिए हम शर्म से पानी-पानी हुए जा रहे हैं।
विदा, फाइटर टोड्स!
तुमने माफी मांगने लायक कोई काम नहीं किया है, फाइटर टोड्स! यह सब गलतफहमी के कारण हुआ।
अब हम आपको शिकायत का कोई मौका नहीं देंगे।
अब हम इसी शहर को अपना घर बना कर, अपराधियों का नाश करेंगे!
तुम हर कदम पर हमको अपने साथ पाओगे, फाइटर टोड्स!